# विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समन्वित बाल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की मानदेय पर संविदा आधारित नियुक्ति के सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत समस्त शासनादेशों को अवक्रमित करते हुए नवीन शासनादेश संख्या – 1/ 1002246 / 2025 / 3313 / 58 – 1 – 2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 निर्गत किया गया है।उक्त शासनादेश में वर्णित व्यवस्था के अनुसार जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त जनपद सिद्धार्थनगर के अन्तर्गत संचालित बाल विकास परियोजना, नौगढ़, शहर, बर्डपुर, उसका बाजार, लोटन, जोगिया, शोहरतगढ, बढ़नी, मिठवल, बांसी, खेसरहा, डुमरियागंज, भनवापुर, इटवा, खुनियांव में आंगनबाड़ी केन्द्र पर सहायिकाओं के रिक्त 1191 पदो पर चयन हेतु आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर अर्ह महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहायिकाओं के रिक्त पदो का विवरण विकास खण्ड/ परियोजनावार विवरण निम्नवत है:–

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहायिकाओं के रिक्त पदों का विवरण

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | रिक्त पद का नाम | कुल रिक्त पदों की संख्या | रिक्त पदों की श्रेणी | | | | कुल योग (कॉलम 5+6+7+8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | पिछड़ी जाति | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जन जाति | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नौगढ़ | आं0बा0 सहायिका | 91 | 52 | 19 | 20 | 0 | 91 |
| 2 | शहर | आं0बा0 सहायिका | 24 | 11 | 6 | 7 | 0 | 24 |
| 3 | बर्डपुर | आं0बा0 सहायिका | 124 | 60 | 35 | 29 | 0 | 124 |
| 4 | उसका बाजार | आं0बा0 सहायिका | 64 | 31 | 16 | 17 | 0 | 64 |
| 5 | लोटन | आं0बा0 सहायिका | 49 | 30 | 13 | 6 | 0 | 49 |
| 6 | जोगिया | आं0बा0 सहायिका | 78 | 38 | 23 | 17 | 0 | 78 |
| 7 | शोहरतगढ | आं0बा0 सहायिका | 57 | 30 | 16 | 11 | 0 | 57 |
| 8 | बढ़नी | आं0बा0 सहायिका | 65 | 33 | 18 | 14 | 0 | 65 |
| 9 | मिठवल | आं0बा0 सहायिका | 90 | 42 | 29 | 19 | 0 | 90 |
| 10 | बांसी | आं0बा0 सहायिका | 68 | 28 | 25 | 15 | 0 | 68 |
| 11 | खेसरहा | आं0बा0 सहायिका | 70 | 32 | 22 | 16 | 0 | 70 |
| 12 | डुमरियागंज | आं0बा0 सहायिका | 168 | 84 | 46 | 38 | 0 | 168 |
| 13 | भनवापुर | आं0बा0 सहायिका | 71 | 32 | 20 | 19 | 0 | 71 |
| 14 | इटवा | आं0बा0 सहायिका | 80 | 38 | 25 | 17 | 0 | 80 |
| 15 | खुनियांव | आं0बा0 सहायिका | 92 | 41 | 31 | 20 | 0 | 92 |
| कुल योगः– | | | 1191 | 582 | 344 | 265 | 0 | 1191 |

उक्त पदों का ग्रामसभावार/वार्डवार रिक्त पदों का विवरण व आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण आंगनबाड़ी भर्ती पोर्टल https://upanganwadibharti.in पर अपलोड कर दिया गया है। साथ ही जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, समस्त तहसील, समस्त विकास खण्ड तथा समस्त बाल विकास परियोजना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है।

पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1–उक्त पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी पात्र होगी।

2–आंगनवाडी सहायिका के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष होगी अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार होगी।

3– आयु सीमाः– आंगनवाडी सहायिका पद हेतु आवेदिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। दिनांक– 01.07. 2025 को 18 वर्ष आयु होनी चाहिए। आयु के सम्बन्ध मे हाई स्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र मे अंकित जन्म तिथि ही मान्य होगी।

4– उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला/विधिक तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला को वरीयता दी जायेगी, गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली विधवा/परित्यक्ता महिला के न मिलने पर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिला को वरीयता दी जायेगी।

5– विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण–पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी। तलाकशुदा/परित्यक्ता के सम्बन्ध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।

6– गरीबी रेखा के नीचे की विधवा/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिलाएं न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रो मे) की निवासी गरीबी रेखा से उपर की विधवा महिला/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाए।

7– उपरोक्तानुसार अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रो मे) की निवासी गरीबी रेखा के उपर जीवनयापन करने वाले परिवार की महिलाए।

8– निवास एवं जाति प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध में तहसील से आनलाईन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण–पत्र ही मान्य होगे जिनका आनलाईन सत्यापन सम्भव हो।

9– आय प्रमाण–पत्र के सम्बन्ध मे उ0प्र0 शासन के राजस्व अनुभाग–9 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या– 3959 /1–9–11–रा0–9 दिनांक 30.09.2021 (यथा संशोधित) के क्रम मे सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही मान्य होगें जिनका आनलाईन सत्यापन सम्भव हो।

10– आवेदन पत्र विभागीय बेवसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध फार्मेट पर ऑनलाईन व सही–सही सावधानीपूर्वक भरे जायेगें। आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति, जो स्वच्छ व पठनीय हो, अपलोड की जायेगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया होगा।

11– आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 07.12.2025 होगी।

12– एक से अधिक केन्द्र या पदो पर आवेदिका द्वारा किये गये आवेदन मान्य नही होगें। एक आगनबाडी केन्द्र पर एक परिवार की दो महिलाओं की नियुक्ति आगनबाडी कार्यकत्री/सहायिका पद पर नही की जाएगी।

13– रिक्त पदो का विस्तृत विवरण जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/उप जिलाधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी के नोटिस बोर्ड पर एवं विभागीय वेवसाइट https://upanganwadibharti.inपर देखा जा सकता है।

नोटः– रिक्तियो की संख्या घट–बढ सकती है।

(साहब यादव)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
सिद्धार्थनगर।

कार्यालयः–जिला कार्यक्रम अधिकारी, सिद्धार्थनगर।

पत्रांक C-1455/जि0का0अधि0/चयन विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक 17.11.25

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1–निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।
2–जिलाधिकारी महोदय, सिद्धार्थनगर।
3–मुख्य विकास अधिकारी/अध्यक्ष चयन समिति, सिद्धार्थनगर।
4–समस्त उप जिलाधिकारी/समस्त तहसीलदार, सिद्धार्थनगर।
5–जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (एन0आई0सी0), सिद्धार्थनगर।
6–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला दिव्यांगजन अधिकारी/उप प्रभागीय वनाधिकारी/समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी सदस्य चयन समिति, सिद्धार्थनगर।
7–जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि अनिवार्यतः 02 मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
8–समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सिद्धार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराते हुये अपने स्तर से ग्राम पंचायतों में प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करें।
9–समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, सिद्धार्थनगर को इस निर्देश के साथ कि विज्ञप्ति एवं रिक्तियों का विवरण सम्बन्धित कार्यालयों को उपलब्ध कराने के साथ ही समस्त कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराते हुये प्राप्ति रसीद अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें एवं सम्बन्धित समस्त ग्राम प्रधान/सभासद को विज्ञप्ति का विवरण प्रचार–प्रसार हेतु प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
सिद्धार्थनगर।